हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 08 अगस्त 2026, समय 13:05 (5 मिनट)

भारत ने विदेशी अंशदान (विनियमन) संशोधन विधेयक पर अमरीका के सांसद की आपत्तियों को खारिज कर दिया है। नई दिल्ली में विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जयसवाल ने कहा है कि यह देश का आंतरिक विधायी मामला है और इस पर निर्णय संसद करती है। उन्होंने कहा कि अमरीका सहित कई देशों में भी विदेशी धन के प्रवाह को नियंत्रित करने के लिए कानून लागू हैं।

भारतीय जहाजों और नाविकों की सुरक्षा के संबंध में श्री जयसवाल ने कहा कि भारत खाड़ी क्षेत्र में स्थित भारतीय मिशन संबंधित देशों के नौवहन मंत्रालयों और समुद्री प्राधिकरणों के साथ लगातार संपर्क में हैं। भारत ने सभी पक्षों से नागरिक बुनियादी □ांचा, जहाजों और नाविकों को निशाना नहीं बनाने की भी अपील की है। उन्होंने कहा कि सहायता की आवश्यकता वाले लोगों के लिए चौबीस घंटे हेल्पलाइन संचालित की जा रही हैं।

पाकिस्तान, तुर्किये और सऊदी अरब के बीच हुए रक्षा समझौते पर श्री जयसवाल ने कहा कि भारत इस घटनाक्रम पर नजर रखे हुए है। पाकिस्तान और सोमालिया के बीच हाल में हुए रक्षा समझौते पर उन्होंने कहा कि भारत इन घटनाक्रमों पर लगातार नजर बनाए हुए है।

---

कुरुक्षेत्र में 10 अगस्त को तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी। पूर्व राज्य मंत्री सुभाष सुधा ने आज कुरुक्षेत्र में बताया कि मुख्यमंत्री नायब सैनी भी इस तिरंगा यात्रा में शामिल होंगे। यात्रा शाम 3 बजे पूजा मॉडल स्कूल से शुरू होकर शहीद स्मारक पर संपन्न होगी।

श्री सुभाष सुधा ने शहरवासियों से अपील की कि वे अधिक से अधिक संख्या मे तिरंगा यात्रा में शामिल होकर देश के वीर शहीदों को श्रद्धांजलि  अर्पित करें।

---------------------------------------------------------------------------------------------------

स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में पलवल जिले मे 9 से 17 अगस्त तक 'हर घर तिरंगा' अभियान और 14 अगस्त को 'विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस' व्यापक स्तर पर मनाया जाएगा।

अतिरिक्त उपायुक्त उत्सव आनंद ने बताया कि इस बार 'वंदे मातरम' के 150 वर्ष पूर्ण होने पर जिले मे तिरंगा रैलियां, प्रदर्शनी, संगीत कार्यक्रम, सरकारी भवनों पर तिरंगा रोशनी और विशेष सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। साथ ही, स्कूलों और कालेजों के विद्यार्थियों को 15 सितंबर तक चलने वाली राष्ट्रीय ऑनलाइन क्विज में भाग लेने के लिए भी प्रेरित किया जाएगा। श्री उत्सव आनंद ने आम नागरिकों सहित जिला के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों से 'हर घर तिरंगा' अभियान मे प्रतिभागिता करते हुए सेल्फी अपलोड करने का आह्वान किया है।

---------------------------------------------------------------------------------------------------

हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने कहा है कि हरियाणा में बिजली यूनियन द्वारा 11 से 13 अगस्त तक की जाने वाली हड़ताल को लेकर उनके साथ बातचीत जारी है और उन्हें पूरा विश्वास है कि बिजली कर्मचारियों को हड़ताल पर न जाने के लिए मना लिया जाएगा।

पत्रकारों से बातचीत में श्री विज ने कहा कि गत दिनों बिजली कर्मचारियों की बिजली विभाग के विभिन्न संगठनों को बातचीत के लिए बुलाया गया था। मुख्य तौर पर उनकी तीन मांगे थी जिनमें पहली बिजली वितरण का समांतर लाइसेंस देकर निजीकरण न करने को लेकर थी। उन्हें बताया गया था कि यह

मामला हरियाणा विद्युत नियामक आयोग में आया है। और वह एक एक स्वायत्त संस्था है जो बिजली विभाग के तहत काम नहीं करती।

ऊर्जा मंत्री ने कहा कि हमने यूनियन पदाधिकारियों को बताया है कि हरियाणा विद्युत नियामक आयोग में सरकार ने निजीकरण का विरोध किया है, सुनवाई के दौरान जो हमारे अधिकारी उपस्थित हुए वह वहीं बोले जिन दस्तावेजों पर उन्होंने हस्ताक्षर किए थे।दूसरी बात, जो यूनियन ने रखी कि स्मार्ट मीटर बंद किए जाए, अभी इसके टेंडर ही नहीं हुए, उसकी फाइल चल रही है।

श्री विज ने कहा कि यूनियन की तीसरी मांग थी कि एग्री डिस्कॉम बनाया जा रहा है वह न बनाया जाए, श्री विज ने कहा कि मुख्यमंत्री जी ने इस बारे में विधानसभा में बात की है लेकिन अभी उनकी और मुख्यमंत्री की आपस में बात नहीं हुई, इसलिए इसका आगे क्या एजेंडा होगा इस पर अभी बताया नहीं जा सकता।

---------------------------------------------------------------------------------------------------

अमरीका के यूजीन में चल रही विश्व एथलेटिक्स अंडर-20 चैंपियनशिप के तीसरे दिन भारत को पहला पदक मिला। पुरुषों की भाला फेंक स्पर्धा में आशीष यादव ने रजत पदक अपने नाम किया। 19 वर्षीय आशीष ने अपने तीसरे प्रयास में 74 मीटर 9 सेंटीमीटर  का अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए दूसरा स्थान हासिल किया। विश्व एथलेटिक्स अंडर-20 चैंपियनशिप में पदक जीतने वाले वह दूसरे भारतीय बन गए। इससे पहले नीरज चोपड़ा ने पोलैंड में 2016 के संस्करण में गोल्ड मेडल जीता था, जहाँ उन्होंने 86 दशमलव चार-आठ मीटर का वर्ल्ड जूनियर रिकॉर्ड बनाया था जो आज भी कायम है।

---------------------------------------------------------------------------------------------------

हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने कहा है कि हरियाणा में बिजली यूनियन द्वारा 11 से 13 अगस्त तक की जाने वाली हड़ताल को

लेकर उनके साथ बातचीत जारी है और उन्हें पूरा विश्वास है कि बिजली कर्मचारियों को हड़ताल पर न जाने के लिए मना लिया जाएगा।

पत्रकारों से बातचीत में श्री विज ने कहा कि गत दिनों बिजली कर्मचारियों की बिजली विभाग के विभिन्न संगठनों को बातचीत के लिए बुलाया गया था। मुख्य तौर पर उनकी तीन मांगे थी जिनमें पहली बिजली वितरण का समांतर लाइसेंस देकर निजीकरण न करने को लेकर थी। उन्हें बताया गया था कि यह मामला हरियाणा विद्युत नियामक आयोग में आया है। और वह एक एक स्वायत्त संस्था है जो बिजली विभाग के तहत काम नहीं करती।

ऊर्जा मंत्री ने कहा कि हमने यूनियन पदाधिकारियों को बताया है कि हरियाणा विद्युत नियामक आयोग में सरकार ने निजीकरण का विरोध किया है, सुनवाई के दौरान जो हमारे अधिकारी उपस्थित हुए वह वहीं बोले जिन दस्तावेजों पर उन्होंने हस्ताक्षर किए थे।दूसरी बात, जो यूनियन ने रखी कि स्मार्ट मीटर बंद किए जाए, जिस पर विज ने कहा कि अभी इसके टेंडर ही नहीं हुए, उसकी फाइल चल रही है।

श्री विज ने कहा कि यूनियन की तीसरी मांग थी कि एग्री डिस्कॉम बनाया जा रहा है वह न बनाया जाए, इस संबंध में भी श्री विज ने कहा कि मुख्यमंत्री जी ने इस बारे में विधानसभा में बात की है लेकिन अभी उनकी और मुख्यमंत्री की आपस में बात नहीं हुई, इसलिए इसका आगे क्या एजेंडा होगा इस पर अभी बताया नहीं जा सकता।

---------------------------------------------------------------------------------------------------